प्रेषक,

निदेशक,
राज्य पोषण मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश,
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी/
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पोषण अभियान
उत्तर प्रदेश,

पत्रांकः —— /रा0पो0मि0/पो0अभि0/पोषण पखवाड़ा/2021–22 दिनांकः 16 मार्च, 2022

विषयः पोषण अभियान अन्तर्गत दिनांक 21 मार्च, 2022 से 04 अप्रैल, 2022 तक पोषण पखवाड़ा मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–पी0ए0/42/2022–सी0पी0एम0यू0 दिनांक 15 मार्च, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2022 से 04 अप्रैल, 2022 तक पोषण पखवाड़ा मनाये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है। पोषण अभियान का शुभारम्भ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लक्ष्य हेतु किया गया है। पोषण अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जन–आन्दोलन और सामुदायिक प्रोत्साहन आवश्यक है। प्रत्येक वर्ष बच्चों, किशारियों एवं महिलाओं में पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य हेतु माह मार्च में **"पोषण पखवाड़ा"** मनाया जाता है। पोषण पखवाड़ा का आयोजन सम्बन्धित विभागों के कन्वर्जेन्स से किया जाता है। पोषण सम्बन्धी जन–आन्दोलन की गति को बनाये रखने हेतु भारत सरकार द्वारा इस वर्ष भी दिनांक 21 मार्च, 2022 से 04 अप्रैल, 2022 तक पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

दिनांक 21 मार्च, 2022 से 04 अप्रैल, 2022 के मध्य आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा में दो व्यापक क्षेत्रों पर विशेष महत्व दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

1. स्वस्थ बच्चें की पहचान व उत्सव आयोजन

2.स्वस्थ भारत के लिए आधुनिक और पारम्परिक प्रथाओं के एकीकरण पर केन्द्रित गतिविधियां

पोषण अभियान द्वारा समग्र रूप से पोषण सम्बन्धी परिणामों में सुधार हेतु प्रयास किया जा रहा है, पोषण अभियान के वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन एक महत्वपूर्ण घटक है।

अवगत कराना है कि भारत सरकार के निर्देश के क्रम में दिनांक 21 मार्च से 27 मार्च, 2022 के मध्य आयोजित होने वाले **"स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा"** के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश पूर्व में ही निर्गत किये गये है। भारत सरकार के निर्देश के क्रम में दिनांक 21 मार्च से 04 अप्रैल, 2022 के मध्य आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रथम सप्ताह दिनांक 21 मार्च से 27 मार्च के मध्य स्वस्थ बच्चें के पहचान हेतु स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन किया जाना है, जिसमें

0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की लम्बाई/ऊचाई तथा वजन लेते हुए Healthy Child उत्सव का आयोजन किया जायेगा तथा पोषण पखवाड़ा के दूसरे सप्ताह दिनांक 28 मार्च से 04 अप्रैल 2022 के मध्य **लैंगिक संवेदनशीलता और जल प्रबन्धन, एनीमिया प्रबन्धन व रोकथाम तथा विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में महिलाओं व बच्चों के लिए पारम्परिक भोजन को बढ़ावा देना** के सम्बन्ध में जनजागरूकता सम्बन्धी गतिविधियों के आयोजन पर फोकस किया जाना है।

भारत सरकार द्वारा पोषण पखवाड़ा आयोजन हेतु निर्गत विस्तृत दिशा–निर्देश व तिथिवार गतिविधि आयोजन सम्बन्धी कैलेण्डर संलग्न कर प्रेषित है। पोषण पखवाड़े में कुपोषण के स्तर में कमी लाने के लिए जनपद में पोषण सम्बन्धी आयोजित विभिन्न गतिविधियों को भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल www.poshanabhiyaan.gov.in पर दैनिक आधार पर अपलोड भी किया जाना है। इस हेतु समस्त जनपदों एवं परियाजनाओं को पोर्टल के यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड प्रेषित किये गये हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी पोषण पखवाड़े के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी होगें।

बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति गठित है, जिससे विभिन्न विभागों के मध्य कन्वर्जेन्स स्थापित करते हुए पोषण के क्षेत्र में समेंकित प्रयास किया जा सके। अतः दिनांक 21 मार्च से 04 अप्रैल 2022 के मध्य पोषण पखवाड़ा आयोजन हेतु भारत सरकार से प्राप्त दिशा–निर्देश संलग्न करते हुए अनुरोध है कि अपने कुशल नेतृत्व में पोषण पखवाड़ा का आयोजन कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्तः

भवदीय

(कपिल सिंह)
निदेशक

पृष्ठांकनः– C-1185/तद्दिनांक
प्रतिलिपिः निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
2. प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
3. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
5. समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उ0प्र0।
6. समस्त अधिशाषी अभियन्ता जल निगम, उ0प्र0।
7. समस्त बेसिक शिक्षा अधिकारी उ0प्र0।
8. समस्त जिला कार्यक्रम अधिकार, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
9. समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
10. समस्त जिलापूर्ति अधिकारी, उ0प्र0।
11. समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।
12. समस्त डेवलपमेंट पार्टनर्स।
13. कार्यालय प्रति

16/03/2022

(कपिल सिंह)
निदेशक